https://bastarkemaati.in/?p=2447
Retieve date 14/01/2023

शासकीय नवीन महाविद्यालय भैरमगढ़ में 4थी वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया।

Ghanshyam Yadav • December 23, 2022 0 181 1 minute read

बीजापुर बस्तर के माटी – शासकीय नवीन महाविद्यालय भैरमगढ़ में दिनांक 21-12-2022 को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह समारोह पिछले 2 वर्षों के COVID 19 प्रकोप के बाद पहली बार आयोजित हुई। वार्षिकोत्सव की तैयारी विगत तीन दिनों से समस्थ स्टॉफ एवं विद्यार्थियों के सहभागिता से चल रही थी जिसमे महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल कूद, सांस्कृतिक, पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतिस्पर्धाएं आयोजित हो रही थीं।

21 दिसम्बर 2022 को प्रातः 10:30 बजे अथितियों का आगमन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में श्री जी.आर.जैन, प्राचार्य आदर्श एकलव्य विद्यालय,भैरमगढ़ मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. दीक्षित ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात छात्रा राजेश्वरी उज्जी ने अथितियों के स्वागत में मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र का वितरण अथितियों एवं प्राचार्य के कर कमलों से किया गया।

मुख्य अथिति एवं प्राचार्य ने अपने उद्द्बोधन में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीष प्रदान करते हुए निरंतर प्रयासरत रहने एवं हमेशा बढ़े लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों की छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, पश्चिमी संगीत पर प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंच संचालन सहा.प्राध्या. श्री उग्रेन साहू एवं विद्यार्थी हिमाशी कोर्राम तथा प्रशांत दास ने की।सांस्कृतिक कार्यक्रमो का संचालन सहा.प्रध्या. श्री महेश कुमार नाग, सुश्री खोरिन मरकाम, श्रीमती भागेश्वरी सिन्हा एवं राजेश्वर सेन ने किया।

स्वल्पाहार वितरण व्यवस्था में श्री अलीन चक्रधारी, श्री देश नाग, श्री दिनेश पटेल एवं विद्यार्थी रहे। बैठक व्यवस्था में श्री देवोब्रत घोष, श्री युवराज देवांगन, पारस डहरिया शामिल थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम के सुचारू संचालन में IQAC प्रभारी सहा. प्राध्या. धवल गुप्ता, सहा. प्राध्या. रामयश, सहा. प्राध्या. डॉ.रवि द्विवेदी , सहा. प्राध्या. आकाश त्रिपाठी , सहा.ग्रेड -I जगमोहन सिंह, सहा.ग्रेड -III राजेश नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रही। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर सहभागिता प्रदान किया।